Divine Institute of Management & Studies, Siwan, Bihar

Date: 30th August 2024

Name of Activity: Seminar on Investing and Cyber Security

Time: 11:00 AM – 4:00 PM

Venue: Auditorium

No. of Attendees: 100+

Brief Objective of Event: DIMS organise the one-day seminar on **"Smart investing and Cyber Security"** on 30th Aug 2024 under the headship of Principal. The primary objective of the seminar was to raise awareness about the importance of ensuring a safe and respectful work environment for normal audience.

Event Co-ordinators: Mr. Anupam Barnwal & Ms. Manisha Rai

Media Coverage: Facebook, Instagram

दैनिक भास्कर
सीवान / गोपालगंज भास्कर 30-08-2024

रुखी
पटना, शुक्रवार, 30 अगस्त, 2024 | 16

छात्रों को साइबर सुरक्षा का महत्व समझाया

भास्कर न्यूज़ | जीरादेई

गुरुवार को डिवाइन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और डिवाइन फार्मेसी कॉलेज में सेबी के तत्वाधान में साइबर अपराध पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डिवाइन मैनेजमेंट कॉलेज की प्राचार्या रिंकू कुमारी के विशिष्ट अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलित कर के की गई। इस दौरान साइबर सुरक्षा के एक्सपर्ट अमित सिंह ने छात्रों को सही जगह पैसा निवेश के बारे में और साइबर अपराध से बचने के लिए आवश्यक जानकारी साझा करते हुए बताया कि आजकल के युवा गलत लोगों के बहकावे में आकर गलत जगह पैसा निवेश कर देते हैं जिससे उनके साथ बाद में धोखाधड़ी की संभावना बनी रहती है।उन्होंने कहा पैसा निवेश करने से पहले उन्हें बैंक या कंपनी के बारे में पूरी जानकारी एकत्र कर ले और तभी इन्वेस्ट करें जब वह बैंक या कंपनी सेबी में लिस्टेड हो। इस दौरान उन्होंने बताया कि साइबर अपराध से बचने के लिए किसी भी तरह का किसी के साथ ओटीपी शेयर ना करें और अनजान व्यक्ति को अपने आधार पैन पासबुक या बैंक खाता के बारे में जानकारी साझा न करें।

साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम के दौरान शामिल अतिथि व छात्र।

धोखाधड़ी हो जाए तो तत्काल साइबर अपराध के वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करें या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करें और अपने नजदीकी जिले के साइबर सेल में शिकायत दर्ज करें।

कार्यक्रम के दौरान डिवाइन फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य डॉ एस गोस्वामी ने बताया की साइबर अपराधी नकली पहचान बनाकर रखते हैं और अपराध करने के बाद भाग जाते हैं उन्होंने बताया कि किस तरह युवा साइबर शिकार के खिलाफ अपनी रक्षा कर सकता है सेमिनार के अंत में जागरूकता प्रश्न और उत्तर सत्र का आयोजन किया गया।मौके पर डिवाइन पब्लिक स्कूल की प्राचार्या शिवानी विक्रम, अनुपम बरनवाल, शिजा हक, अनिल शर्मा, दीपक सिंह, बृजेश कुमार, अंजुल भारद्वाज आदि थे।